स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>प्रेस नोट संख्या–172, दिनांक 08–06–2024</u>

फेडरल बैंक, थाना ठाणे, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में 2.5 करोड़ का गोल्ड लोन फ्राड करने वाला व थाना कशमीरा, जनपद ठाणे में पंजीकृत मु0अ0स0 195/2024 में वांछित अपराधी गिरजा शंकर तिवारी एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार।

दिनाकः 08–06–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को फेडरल बैंक, थाना ठाणे, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में 2.5 करोड़ का गोल्ड लोन फ्राड करने वाला एवं थाना कशमीरा, जनपद ठाणे में पंजीकृत मु0अ0स0 195/2024 धारा–420,406 भादवि में वांछित अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी को कमिश्नरेट लखनऊ से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः</u>

1– गिरजा शंकर तिवारी पुत्र सतीश तिवारी निवासी कुवंरपुर, थाना मछली शहर जनपद जौनपुर। हाल पता म0नं0–एल/206 यदुवंशी भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

<u>बरामदगी–</u>

1– 01 अदद मोबाइल फोन
2– 03 अदद एटीएम कार्ड
3– 01 अदद आधार कार्ड
4– 01 अदद पेन कार्ड
5– 01 अदद डी0एल0
6– रूपये 500/–नगद

<u>गिरफ्तारी का दिनांक एवं स्थान/समयः–</u>

दिनांक 08–06–2024 समयः लगभग 11.50 बजे, खेवली हसनपुर, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, कमिश्नरेट लखनऊ ।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2023 में फेडरल बैंक, मीरा रोड, थाना ठाणे, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में 2.5 करोड़ का गोल्ड लोन फ्राड करने की घटना हुयी थी जिसके सम्बन्ध में मु0अ0स0 195/2024 धारा–420,406 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसमें फेड बैंक का ब्रांच मैनेजर गिरजा शंकर तिवारी वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद थाणे, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एसटीएफ से सहयोग मांगा गया।

वांछित अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी की गिरफ्तारी हेतु सेण्टर क्राइम ब्रांच, थाणे महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एसटीएफ0 उ0प्र0 लखनऊ से सहयोग मांगा गया, जिसके क्रम में श्री प्रमेश कुमार शुक्ल, पुलिस उपाधीक्षक, एस0टी0एफ0 उ0प्र0 के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री संतोष कुमार, मु0आ0 मुनेन्द्र सिंह, मु0आ0 वीर प्रताप व मु0आ0 यशवंत की टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 08–06–2024 अभिसूचना संकलन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि फेडरल बैंक, मीरा रोड, थाना ठाणे, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में 2.5 करोड़ का गोल्ड लोन फ्राड करने वाला एवं थाना कशमीरा, जनपद ठाणे में पंजीकृत मु0अ0स0 195/2024 धारा–420,406 भादवि में वांछित अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी कमिश्नरेट लखनऊ के खेवली हसनपुर, थाना सुशांत गोल्फ सिटी में मौजूद है और कहीं जाने की

फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास करते हुए क्राईम ब्रान्च, महाराष्ट्र की टीम, जो लखनऊ में पूर्व से ही मौजूद थी, को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुँच कर मुखबिर की निशादेही पर अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुयी।

गिरफ्तार अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2009 से विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेंस कम्पनियों में पदस्थ रहा तथा दिसम्बर 2021 से फैड बैंक महाराष्ट्र में ब्रान्च मैनेजर के पद पर पदस्थ रहते हुए, ग्राहको से कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन देने हेतु गोल्ड जमा करवाता रहा परन्तु उस गोल्ड बैंक में जमा न करके अपने पास ही रखे रहा। गोल्ड लोन की धनराशि भी ग्राहकों स्वंय के स्तर पर ही दी गयी। बाद में गोल्ड सहित गायब हो गया। बताया कि उसने गोल्ड को बेंच कर प्रापर्टी में निवेश किया है। समय ट्रोनिका प्रापर्टी सोल्यूशन प्रा0 लि0 के नाम से लखनऊ में प्रापर्टी का काम करता है। इस प्रकार इसने लगभग 2.5 करोड़ रूपये का गोल्ड लोन फ्राड किया था, जिसके सम्बन्ध में थाना कशमीरा, जनपद ठाणे में पंजीकृत मु0अ0सं0 195/2024 धारा–420,406 भादवि पंजीकृत हो जाने के कारण लूक–छीपकर रहा था।

अभियुक्त गिरजा शंकर तिवारी उपरोक्त का ज्ञात अपराधिक इतिहास हैः–

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1	26/2009	419,420,34, भादवि व 66(सी),66डी आईटी एक्ट	साइबर क्राइम	ठाणे महाराष्ट्र
2	481/2021	420 भादवि	मानिकपुर	ठाणे महाराष्ट्र
3	195/2024	420,406	कशमीरा	ठाणे महाराष्ट्र

अग्रिम विधिक कार्यवाही क्राइम ब्रान्च, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जा रही है।

––